>

Title: Need to provide financial assistance for Mansarovar Yatra.

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): माननीय अध्यक्ष महोदय, शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण विषय उठाने का समय देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

यह सर्वविदित है कि हिमालय में स्थित कैलाश मानसरोवर हिन्दुओं का सर्वोच्च धार्मिक स्थल है, जहाँ कम से कम एक बार यात्रा करने का हर हिन्दू का सपना होता है । परन्तु, दुर्भाग्य से धन की कमी और वहाँ की यात्रा करने के बारे में उचित जानकारी उपलब्ध न होना एक दु:स्वप्न जैसा है । अभी तक मानसरोवर यात्रा का आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा किया जाता है, जिसके लिए एक गहन प्रक्रिया और स्वास्थ्य जाँच के बाद एक वर्ष में सिर्फ 960 यात्रियों का चयन किया जाता है । यह यात्रा पुरातन काल से चले आ रहे मार्ग से ही की जाती है, जिसमें कठिन और खतरनाक मार्गों से पैदल ही जाना पड़ता है । इसमें 15 हजार फीट पर स्थित खतरनाक और कठिन लिपु दर्रे से होकर कठिन एवं सीधी चढ़ाई करनी होती है, जिसमें तिब्बत तथा चीन से होकर जाना होता है । इस पर लगभग एक लाख रुपये का खर्च आता है । अन्य मार्ग नेपाल होकर सड़क मार्ग से है, जिस पर वाहन द्वारा यात्रा करने पर एक लाख पचास हजार रुपये से भी ज्यादा खर्च आता है । आम आदमी के लिए इस महान यात्रा पर इतना भारी खर्च उठाना अत्यन्त ही कठिन है । वर्षों से मानसरोवर यात्रा के लिए सरकारी सहायता के लिए समय-समय पर माँग होती रही है, पर केन्द्रीय सरकार ने कभी भी इस माँग पर कोई ध्यान नहीं दिया । उपलब्ध जानकारी के अनुसार कुछ राज्य सरकारें- दिल्ली, गुजरात और राजस्थान सरकार सीमित संख्या में यात्रियों को 25 हजार रुपये की सहायता के अलावा गर्म कपड़े और ट्रेकिंग जूते प्रदान करती हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि पर्यटन मंत्रालय इस कार्य में पहल करके सभी मेट्रोपोलिटन शहरों में राज्य सरकारों के

सूचना केन्द्र में अलग से कैलाश मानसरोवर विभाग बनाने के निर्देश जारी किए जाएँ, जो यात्रियों को कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए उचित एवं व्यापक जानकारी प्रदान कर सके ।

सरकार से मेरी माँग है कि इस दिशा में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जाए, जो कैलाश मानसरोवर यात्रा के प्रबंधन और सरकारी सहायता के बारे में विचार करके हिन्दुओं की भावनाओं को ध्यान में रखकर इस यात्रा को आसान और किफायती बनाने की दिशा में उचित निर्देश जारी करे, जिससे ज्यादा-से-ज्यादा हिन्दू धर्मार्थियों को इस यात्रा का लाभ मिल सके ।

माननीय अध्यक्ष: सर्वश्री अरविंद सावंत, विनायक भाऊराव राऊत, संजय हरिभाऊ जाधव, डॉ. श्रीकांत शिंदे, प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और राहुल कस्वां को श्री राहुल रमेश शेवाले द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।